बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

पटना – 10 मई, 2024

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में बिहार राज्य निर्वाचन विभाग निष्पक्ष, स्वच्छ एवं स्वस्थ चुनाव कराने के लिए कृतसंकल्प है। एक ओर जिलों में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण तथा समस्त गतिविधियों के संचालन का प्रशिक्षण जोर–शोर से चालू है, साथ ही समस्त तैयारियाँ भी प्रगति पर हैं।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 07.05.2024 को बिहार में लोक सभा आम निर्वाचन, 2024–तृतीय चरण के दौरान 25–खगड़िया लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के 150–बेलदौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अवस्थित मतदान केन्द्र संख्या 182 एवं 183 में असामाजिक तत्वों द्वारा EVM क्षतिग्रस्त कर दिये जाने के कारण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 58 के अधीन भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 495/ES-1/BR-HP/2024 (Re-poll) दिनांक 08.05.2024 द्वारा पुनर्मतदान कराये जाने के आदेश के आलोक में आज दिनांक 10.05.2024 को निर्धारित पुनर्मतदान की तिथि के संदर्भ में उक्त मतदान केन्द्रों पर पुनर्मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।

ज्ञातव्य है कि आज दिनांक 10.05.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के तहत सातवें चरण के लिए आठ (08) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम–अ0जा0, काराकाट तथा जहानाबाद) में चुनाव हेतु नामनिर्देशन का चौथा दिन था। विदित हो कि अगिआँव (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उप चुनाव लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के सातवें चरण के साथ ही निर्धारित है। अतएव वहाँ भी नामनिर्देशन का चौथा दिन था। उक्त दोनों परिप्रेक्ष्यों में नामनिर्देशन की वस्तुस्थिति निम्नवत् हैः–

लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम	क्र0	अभ्यर्थी का नाम	दल सम्बद्धता	अब तक कुल अभ्यर्थियों की संख्या
नालंदा	01	चंद्र किशोर प्रसाद यादव	निर्दलीय	13
	02	प्रमोद कुमार निराला	बहुजन समाज पार्टी	
	03	निशा रंजन	समता पार्टी	
	04	अजीत कुमार	निर्दलीय	
	05	शशि कुमार	समता शक्ति	
	06	केशो जमादार	पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)	
	07	श्याम सुंदर प्रसाद	निर्दलीय	
	08	अजीत कुमार	निर्दलीय	
	09	दिलीप कुमार	मूलनिवासी समाज पार्टी	
पटना साहिब	01	डॉ0 राकेश दत्त मिश्र	भारतीय जन क्रांति दल (डेमोक्रेटिक)	11
	02	रवि शंकर प्रसाद	भारतीय जनता पार्टी	
	03	राकेश शर्मा	निर्दलीय	
	04	महबूब आलम अंसारी	भारतीय मोमिन फ्रंट दल	
पाटलिपुत्र	01	सुभाष कुमार	भारतीय लोक चेतना पार्टी	07
	02	अनिल कुमार चांद	सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट)	

	03	नीरज कुमार	निर्दलीय	
आरा	01	शिवदास सिंह	निर्दलीय	11
	02	हिरा लाल सिंह	निर्दलीय	
	03	सुदामा प्रसाद	कम्यूनिष्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिसिस्ट–लेनिनिस्ट) (लिबरेशन)	
	04	अशोक तिवारी	निर्दलीय	
	05	सिकन्दर कुमार	भोजपुरिया जन मोर्चा	
बक्सर	01	सुधाकर सिंह	राष्ट्रीय जनता दल	10
	02	मिथिलेश कुमार तिवारी	भारतीय जनता पार्टी	
	03	अमरेन्द्र कुमार	प्रगतिशील मानव समाज पार्टी	
	04	राम स्वरूप चौहान	निर्दलीय	
	05	अखिलेश कुमार पाण्डेय	निर्दलीय	
सासाराम–अ0जा0	01	शिवेश कुमार	भारतीय जनता पार्टी	04
	02	बनारसी दास	पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)	
काराकाट	01	उपेन्द्र कुशवाहा	राष्ट्रीय लोक मोर्चा	11
	02	धीरज कुमार सिंह	बहुजन समाज पार्टी	
	03	इंद्र राज रौशन	निर्दलीय	
	04	किरण प्रभाकर	निर्दलीय	
	05	कृष्ण कुमार	निर्दलीय	
जहानाबाद	01	सत्येन्द्र प्रसाद यादव	निर्दलीय	20
	02	आशुतोष कुमार विनय	राष्ट्रीय गरीब दल	
	03	अरूण कुमार	बहुजन समाज पार्टी	
	04	अजय कुमार	निर्दलीय	
	05	महेन्द्र पासवान	रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया	
	06	राज नन्दन कुमार	निर्दलीय	

विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम	क्र0	अभ्यर्थी का नाम	दल सम्बद्धता	अब तक कुल अभ्यर्थियों की संख्या
अगिऑव (अ0जा0)	01	विजय मेहरा	निर्दलीय	02

प्राप्त सूचनानुसार लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता के तहत राज्य में वाहन दुरूपयोग के संदर्भ में औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है एवं बक्सर जिलांतर्गत भी एक (01) मामला प्रतिवेदित तथा एक (01) एफआईआर दर्ज हैं। लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के तहत भागलपुर जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है तथा तदनुसार एक (01) एफआईआर दर्ज है, इसी तरह भोजपुर जिलांतर्गत भी एक (01) मामला प्रतिवेदित है तथा एक (01) एफआईआर दर्ज है। अवैध बैठक/भाषण आदि के संदर्भ में नौ (09) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01), पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत पाँच (05) एवं सहरसा जिलांतर्गत तीन (03)। इस संदर्भ में आठ (08) एफआईआर दर्ज हैं।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 09.05.2024 को कुल **₹6.50800**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–19138.16(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹34.84562**(लाख) रूपये हैं। जहाँ तक ड्रग्स तथा नारकोटिक्स की बात है तो कुल **₹0.76200**(लाख) रूपये मूल्य के 3.90(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त/अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹52.94393**(लाख) रूपये मूल्य की 42044.69 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹95.05955**(लाख) रूपये मूल्य की जब्ती प्रतिवेदित है।